**कार्य का नाम** – जनपद जालौन में जालौन से उरई तक (बिलरायॉ पनवाड़ी राज्य मार्ग संख्या–21) के किमी0 352.00 से 370.450 एवं जालौन बाईपास होते हुये झॉसी–भोगनीपुर–कानपुर एन0एच0–27 के चैनेज 218.400 तक) 4–लेन का निर्माण कार्य।

## Justification of Site Location

जालौन से उरई (बिलरांया पनवाड़ी, राज्य मार्ग सं0–21) प्रदेश का महत्वपूर्ण मार्ग है, जो कृषि प्रधान जनपद लखीमपुर खीरी के बिलरांया स्थान से आरम्भ होकर जनपद सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, औरैया, जालौन, हमीरपुर होते हुये महोबा को जोड़ता है। वर्तमान में यह राज्य मार्ग दो लेन में निर्मित है। इस मार्ग पर दिन प्रतिदिन यातायात बहुत तेजी से बढ़ रहा है। जनपद जालौन की बेतवा नदी की बालू खदानों से बालू से भरे भारी वाहनों का यातायात बहुतायत संख्या में गुजरता है। जिससे राज्य को राजस्व की प्राप्ति होती है। मार्ग पर वाहनों की गीली बालू भरकर लगातार पानी टपकते हुये चलने के कारण मार्ग प्रायः क्षतिग्रस्त होता रहता है। जिससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये मार्ग पर सी0सी0 पेवमेन्ट का प्राविधान किया गया है। इस मार्ग पर चार–लेन हो जाने से इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। इस मार्ग के बन जाने से आगरा, इटावा, कानपुर मार्ग पर चलने वाले यातायात जो भोगनीपुर होते हुये महोबा, छतरपुर(म0प्र0), बांदा, चित्रकूट, इलाहाबाद, को गुजरता है। उसका यातायात इस मार्ग से सीधे गुजरेगा। तकनीकी रूप से वर्तमान में इस मार्ग पर 2689 सी0वी0पी0डी0 (Commercial Vehicle Per Day) तथा 20000 पी0सी0यू0 (Passenger Car Unit Per Day) का यातायात है, इसके दृष्टिगत इस मार्ग को दो–लेन से चार–लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाना अपरिहार्य है। इस मार्ग को दो–लेन से चार–लेन में किया जाना मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकता से आच्छादित है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिये 35.71435 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि की आवश्यकता है, जोकि न्यूनतम है तथा इस राज्य मार्ग को चार–लेन में करने हेतु वर्तमान संरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

(बी०एल० गौतम)
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उरई

(पी०एन० श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उरई